मूल्य 1 रु.
वर्ष: 15 - अंक : 79, मुंबई, शनिवार, 12 जुलाई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# 'भोंगा बजा' तो नपेंगे पुलिस अधिकारी

## विधान सभा में सीएम फडणवीस का बड़ा ऐलान






**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** विधानमंडल के मानसून सत्र का शुक्रवार को दसवां दिन था। इस दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में मस्जिदों के भोंगे और त्योहारों के दौरान बजने वाले लाउडस्पीकर के कारण होनेवाले ध्वनि प्रदूषण को लेकर बड़ी घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति हॉर्न बजाने पर पुलिस जिम्मेदार होगी। जिन इलाकों में भोंगे या लाउडस्पीकर बजाए जाएंगे, वहां के पुलिस अधिकारी जिम्मेदार होंगे। लेकिन इसके साथ-साथ सीएम देवेंद्र ने मुंबई पुलिस की भी तारीफ करते हुए किसी भी धार्मिक तनाव को पैदा किए बिना कार्रवाई करने के लिए मुंबई पुलिस को बधाई भी दी। भाजपा विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने सदन में मस्जिदों के भोंगे और लाउडस्पीकर बजाने का मुद्दा उठाया था। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# यूएई से भारत लाया गया ड्रग माफिया कुब्बावाला मुस्तफा





## सांगली में थी फैक्ट्री

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सांगली में एक कारखाने से 252 करोड़ रुपये मूल्य के मेफेड्रोन की जब्ती मामले में सीबीआई को बड़ी सफलता मिली है। मुख्य आरोपी कुब्बावाला मुस्तफा को यूएई से भारत लाया गया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इंटरपोल और मुंबई पुलिस की मदद से मुस्तफा को भारत लाने के अभियान में समन्वय किया। सिंथेटिक मादक पदार्थ के धंधे में कथित तौर पर लिप्त कुब्बावाला मुस्तफा को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पित करके भारत लाया गया और उसे बाद में मुंबई में गिफ्तार कर लिया गया। मुस्तफा के खिलाफ इंटरपोल का एक रेड नोटिस जारी किया गया था। महाराष्ट्र के सांगली में एक कारखाने से 252 करोड़ रुपये मूल्य के मेफेड्रोन की जब्ती से संबंधित मामले में वांछित कुब्बावाला मुस्तफा को संयुक्त अरब अमीरात से गुरुवार देर रात करीब एक बजे छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे लाया गया। बता दें कि मुंबई अपराध शाखा द्वारा सांगली में एक कारखाने का भंडाफोड़ करते हुए, 126.141 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद करके उसे जब्त कर लिया गया था। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# शर्मसार! चंद्रपुर में नाबालिग से गैंगरेप

## वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** चंद्रपुर में एक बार फिर मानवता शर्मसार हुई है। चंद्रपुर ज़िले से आई एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना ने न केवल पुलिस प्रशासन को हिला दिया है, बल्कि पूरे समाज के सामने एक भयावह सवाल खड़ा कर दिया है। क्या अब बेटियां कहीं भी सुरक्षित नहीं रहीं? शुक्रवार को एक नाबालिग लड़की ने अपने पिता के साथ शेगाव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि 3 आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और इस अमानवीय कृत्य का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस घिनौनी हरकत के बाद पीड़िता मानसिक रूप से बुरी तरह टूट गई। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है, और पुलिस प्रशासन पर सख्त कार्रवाई का दबाव है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि यह घटना 24 मई 2025, गर्मियों के दौरान हुई थी। तीनों आरोपी उसे झांसे में लेकर सुनसान जगह ले गए और वहां बलात्कार किया। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# फीस नहीं चुकाने पर संस्था निदेशक ने की पिटाई

## आवासीय विद्यालय में अभिभावक की मौत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** परभणी पूर्णा तालुका के जीरो फाटा (एरंडेश्वर) स्थित हाई-टेक रेसिडेंशियल स्कूल में प्रिंसिपल द्वारा एक अभिभावक की पीट-पीटकर हत्या करने का एक भयानक मामला सामने आया है। मृतक की पहचान जगन्नाथ पांडुरंग हेंडगे (उम्र 37, निवासी उखलद, तालुका परभणी) के रूप में हुई है। इस संबंध में स्कूल प्रिंसिपल और उनकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जगन्नाथ हेंडगे की बेटी पल्लवी संबंधित स्कूल में पढ़ रही थी। इसी बीच, गुरुवार शाम 5 बजे हेंडगे सर्टिफिकेट लेने और फीस के बारे में पूछताछ करने स्कूल गए थे। इस बारे में अधिक जानकारी यह है कि बालकृष्ण शिक्षण संस्थान का जीरो फाटा क्षेत्र में एक हाई-टेक आवासीय विद्यालय है। (शेष पृष्ठ 3 पर)




### हेंडगे की बुरी तरह पिटाई

इसके बाद हेंडगे की बुरी तरह पिटाई की गई और गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसकी मौत हो गई। इस बीच, उप-विभागीय अधिकारी समाधान पाटिल और पुलिस निरीक्षक विलास गोबडे ने घटनास्थल का दौरा किया। शुक्रवार सुबह से ही स्कूल और इलाके में पुलिस तैनात कर दी गई है। मृतक जगन्नाथ हेंडगे के परिवार में पत्नी, एक बेटा और 2 बेटियां हैं। इस घटना से उखलद और आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### दरकता हुआ बुनियादी ढांचा

**अफसोसनाक यह है कि हादसों के बाद अक्सर किसी नीति-निर्धारक की जवाबदेही तय नहीं होती। यह तर्क स्वीकार्य नहीं है कि कोई ढांचा कई वर्ष पुराना था, इसलिए वह गिर गया। आखिर मरम्मत और लगातार देखरेख भी कोई चीज होती है!**

भारतीय वायु सेना का एक लड़ाकू जैगुआर विमान बुधवार को राजस्थान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें दो पायलटों की मौत हो गई। बताया गया है कि विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। इस घटना ने एक बार फिर भारतीय वायु सेना के पास मौजूद संसाधनों की स्थिति की ओर ध्यान खींचा है। कुछ तथ्य गौरतलब हैः भारतीय वायु सेना में 40 जैगुआर शमशेर जेट 1979 में- यानी आज से 46 साल पहले- शामिल किए गए थे। ब्रिटेन के ब्रिटिश एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन और फ्रांस की ब्रिग्वे एविएशन कंपनियों के इस संयुक्त उत्पाद की खरीदारी के साथ भारत के हिंदुस्तान एरॉनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इसके निर्माण का लाइसेंस मिला था। एचएएल ने 2008 तक 100 और जैगुआर विमान बनाए। बाद में मौजूद विमानों की मरम्मत में जरूरी पाट-पुर्जों को जुटाने के लिए भारत ने कुछ अन्य देशों से ऐसे विमान खरीदे, जिनका उपयोग रोका जा चुका था। क्या ऐसे विमानों की मौजूदगी भारतीय वायु सेना में होनी चाहिए? हाल के ऑपरेशन सिंदूर ने साफ कर दिया है कि नए दौर के युद्ध में वायु सेना की सर्व-प्रमुख भूमिका बन गई है। ऐसे में वायु सेना को चुस्त-दुरुस्त रखना राष्ट्रीय दायित्व है। इस मामले में कोई भी कोताही या कंजूसी नहीं होनी चाहिए। इसीलिए चुरू जिले में हुई दुर्घटना झकझोरने वाली मालूम पड़ी है। जिस समय अपने देश में हर क्षेत्र में बुनियादी ढांचा दरकता मालूम पड़ रहा है, ऐसे हादसे गहरी चिंता का विषय बन जाते हैं। बुधवार को ही गुजरात में वडोदरा को आणंद से जोड़ने वाला पुल गिर गया। वहां कम-से-कम 11 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उन्होंने इस पुल में पड़ती दरार को लेकर कई रिपोर्ट्स दिखाई थीं। मगर उन पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। अफसोसनाक यह है कि ऐसे तमाम हादसों में अक्सर किसी नीति-निर्धारक की जवाबदेही तय नहीं होती। यह तर्क स्वीकार्य नहीं हो सकता कि कोई उपकरण या इन्फ्रास्ट्रक्चर कई वर्ष पुराना था, इसलिए वह गिर गया। आखिर जरूरत के हिसाब से मरम्मत और लगातार देखरेख भी कोई चीज होती है। जो लोग इसकी उपेक्षा के दोषी हों, उनकी जवाबदेही अवश्य तय होनी चाहिए।

# 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म पर प्रतिबंध की माँग, मुस्लिम समाज ने सौंपा ज्ञापन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**शहडोल।** 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म के ट्रेलर में पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम और उनकी पवित्र पत्नियों के संबंध में आपत्तिजनक डायलॉग दर्शाए गए हैं। यह 3 मिनट का ट्रेलर सोशल मीडिया पर जारी किया गया है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि पूरी फिल्म में और भी आपत्तिजनक बातें होंगी। इसके साथ ही फिल्म में ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर भी आपत्तिजनक संवाद बोले गए हैं, जबकि यह मामला वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। मुस्लिम समाज का कहना है कि ऐसे दृश्य और संवाद देश की एकता और सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुँचा सकते हैं। इसको लेकर शहडोल में मुस्लिम समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही सेंसर बोर्ड से माँग की गई है कि इस फिल्म पर रोक लगाई जाए और इसे पास न किया जाए। ज्ञापन देने वालों में मौलाना जरयाब साहब (संभागीय अध्यक्ष, जमीयत उलमा-ए-हिंद, मध्य प्रदेश), शानुल्ला खान (अध्यक्ष, नैशनल मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी, शहडोल), हसीब अख्तर (अध्यक्ष, मुस्लिम त्योहार कमेटी), जफर खान, इमरान फारूकी, हाजी यासीन फारूकी, मोहम्मद यासीन (संचालक, एम्बुलेंस), कादिर खान (पूर्व सैनिक), हफीज एजाज, पप्पू फारूकी सहित बुढ़ार और धनपुरी से आए सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में यह माँग की कि देश की एकता और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए इस नफरत फैलाने वाली फिल्म को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।



# शहडोल में सांसद हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक संपन्न, जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा

**शहडोल।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सांसद द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं मनरेगा योजना, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक सहज एवं सुलभ ढंग से पहुंचाना जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की जिम्मेदारी है। जो व्यक्ति अभी भी लाभ से वंचित हैं उनके लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। जनहित से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। बैठक में विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, वनमण्डलाधिकारी तरूणा वर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका शहडोल श्री धनश्याम जायसवाल, अध्यक्ष नगर पारिषद बुढ़ार शालिनी सरावगी, अध्यक्ष नगर पालिका धनपुरी रविंदर कौर, अध्यक्ष नगर परिषद बकहो मौसमी केवट जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, नगरीय निकायों के अध्यक्ष तथा दिशा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,




आयुष्मान योजना, जल जीवन मिशन, तथा पीएम जनमन योजना केन्द्र सरकार की प्राथमिकता की योजनाएं हैं। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में शासकीय सेवकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की भी मानीटरिंग आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा किए जाने वाले वृक्षारोपण में कई बार विवाद की स्थिति बनती है। इस समस्या के निदान के लिए वन एवं राजस्व विभाग तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि संयुक्त रूप से भ्रमण कर विवाद का निराकरण कराएं। आपने सिकल सेल एनीमिया तथा कुपोषण अभियान की समीक्षा करते हुए जनजागरूकता अभियान चलाने तथा प्रभावित लोगों को दवाएं एवं वैक्शीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। अस्पतालों में आने वाले मरीज निराश होकर नहीं लौटें, उन्हें प्रापर उपचार उपलब्ध कराया जाए। बैठक में सांसद ने जिले में उपलब्ध एम्बुलेंस तथा एडवान्स लाईफ सपोर्ट सिस्टम एम्बुलेंस की उपलब्धता तथा उनके वर्किंग सिस्टम की भी जानकारी ली। विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी ने जैतपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित समस्याओं की जानकारी दी तथा निराकरण के निर्देश दिए। इसी तरह जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री शरद कोल ने विद्युत, स्वास्थ्य, सिंचाई तथा सड़क एवं पुल-पुलिया से संबंधित समस्याओं की जानकारी दी एवं निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में 132 केव्ही के 2 तथा 4 छोटे पॉवर स्टेशन स्वीकृत हो गए हैं। जिससे जिले की विद्युत समस्या का निराकरण हो सकेगा। आपने कहा कि सौभाग्य योजना के तहत चयनित ग्रामों में से कुछ ग्रामों में योजना बंद हो जाने के कारण बिजली लाईन नहीं पहुच पाई है। इसके लिए अतिरिक्त फंड की आवश्यकता होगी। आपने बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग में 12 एम्बुलेंस हैं इसके अतिरिक्त पीएम जनमन योजना से 5 एम्बुलेंस सर्व सुविधायुक्त संचालित हैं। एडवांस लाईफ सपोर्ट वाली 3 एम्बुलेंस उपलब्ध हैं। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, जल जीवन मिशन, शिक्षा स्वास्थ्य विद्युतीकरण, जल संसाधन की योजनाओं की जानकारी दी गई।

## पति की मौत की गम में 15 मिनट तक पानी की टंकी से लटकने के बाद कूद मरी युवती

**कानपुर।** शुक्रवार को शास्त्री नगर के अंबेडकर नगर में रहने वाली महिला नैना देवी (35) 15 मिनट तक लटके रहने के बाद 70 फिट ऊंची पानी की टंकी से कूद कर मर गई। पुलिस वाले उसकी जान बचाने के बजाय वीडियो बनाने में लग रहे तभी महिला का हाथ छूट गया और वह नीचे आ गिरी जहां से अस्पताल ले जाने के बाद का उसे मृत घोषित कर दिया गया। यह घटना शास्त्री नगर इलाके के ऊंचा पार्क की है। यहां के अंबेडकर नगर में रहने वाली महिला नैना देवी (35) के पति शुभम की 2 महीने पहले बीमारी से मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद से नैना टेंशन में रहती थी। महिला अपने सास-ससुर और परिवार के साथ रहती थी। उसकी 5 साल की एक बेटी है। पति की मौत के बाद से नैना अक्सर जान देने की बात कहती थी। मिली जानकारी के मुताबिक आज शुक्रवार सुबह वह शास्त्री नगर के ऊंचा पार्क पहुंची। वहां बनी पानी की टंकी पर चढ़ गई। महिला को ऊपर चढ़ा देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सभी लोग महिला को रोकते रहे। लेकिन उसने किसी की बात नहीं मानी। पुलिस ने बताया कि लास को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अगली कार्रवाई की जा रही है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# टैली सॉल्यूशंस ने टैली एमएसएमई ऑनर्स के पांचवें संस्करण के साथ एमएसएमई की तरक्की को प्रोत्साहित किया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**ठाणे।** टैली सॉल्यूशंस, भारत में छोटे और मध्यम व्यवसायों के लिए प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनी, ने टैली एमएसएमई ऑनर्स के पांचवें संस्करण के जरिए छोटे उद्यमों को प्रोत्साहित और सम्मानित करना जारी रखा है। यह वैश्विक वार्षिक कार्यक्रम एमएसएमई की विविधता और उनके अच्छे काम को जमीनी स्तर पर पहचानने और सम्मान देने के लिए समर्पित है। 2025 में इस पहल का दायरा बढ़ाकर भारत के सात प्रमुख शहरों – दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता, जयपुर, अहमदाबाद और चेन्नई – तक ले जाया गया, जहां देश के कोने-कोने से अलग-अलग आवाजें एक साथ जुड़ीं। वैश्विक स्तर पर इस अभियान को 20,000 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए और इसे कोटक महिंद्रा बैंक का समर्थन भी मिला। यह पहल पालघर, रत्नागिरी, धुले और इचलकरंजी जैसे दूरदराज और छोटे शहरों तक पहुंची, जहां के व्यवसायों को उनकी मेहनत और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। हाल ही में आयोजित मुंबई कार्यक्रम में उद्यमियों, उद्योग जगत के दिग्गजों और नीति निर्माताओं ने एक साथ शिरकत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री समीर पाटिल (मुख्य व्यवसाय अधिकारी, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड) और श्री प्रफुल उमरे, सहायक निदेशक - 1, एमएसएमई - विकास एवं




सुविधा अधिकारी ने छोटे और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की देश के स्थानीय और राष्ट्रीय विकास में अहम भूमिका को रेखांकित किया। यह आयोजन केवल पुरस्कारों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि एमएसएमई की प्रेरणादायक यात्रा को मंच देने और सहयोग, नवाचार व स्थिरता को बढ़ावा देने वाली एक सशक्त कम्युनिटी तैयार करने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम रहा।

इस वर्ष वंडर वुमन श्रेणी में, जूरी ने कुछ उल्लेखनीय महिला उद्यमियों के नामांकन देखे, और उत्कृष्ट विजेताओं में शामिल हैंः अदिति घोडे, वर्टेक्स एचवीएसी मैनेजमेंट सर्विसेज एलएलपी, दर्शना राठी,बेरोमट प्राइवेट लिमिटेड, सीए स्वाति पराडकर, पराडकर एंड एसोसिएट्स, जागृति सौरभ जोशी, आशीर्वाद इलेक्ट्रिकल्स और श्वेता कुलकर्णी, एस्ट्रॉन एरा। इसके अलावा, इस पहल ने बिजनेस माएस्ट्रो श्रेणी में उन संगठनों को भी सम्मानित किया जिन्होंने दूरदर्शी नेतृत्व के रूप में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस वर्ष के विजेताओं में शामिल हैंः व्यंकटेश वासुदेव मंडके, वीजीए डिजिटल प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, हिम्मत परमार, एम कमलेशकुमार, भगवान माली, रामायण इंजीनियर्स, उधव अहिरे, आनंद एग्रो ग्रुप, और अधीकराव लालासाहेब दुबल, बाबासाहेब इंडस्ट्रीज। इसके अलावा, सामाजिक सकारात्मक बदलाव लाने के लिए चैंपियंस ऑफ कॉज श्रेणी में भी सम्मान दिया गया, और इस श्रेणी के विजेताओं में शामिल हैंः माणिक जोशी और लक्ष्मण जोशी, ईबिजी झ टेकटिनी सॉफ्टवेयर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, किशोर वाणी, के आर पब्लिक स्कूल, श्री भगतरामजी छबड़ा, सेवाभारती, मंदार पंडित, एएसपीएम कंसल्टिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड, और भाव्याश अग्रवाल, कागाईंडिया रोडवेज प्राइवेट लिमिटेड। टेक ट्रांसफॉर्मर्स श्रेणी में डिजिटल क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति के लिए विजेताओं को मान्यता दी गई। इस वर्ष के विजेताओं में शामिल हैंः वेद राजेश अग्रवाल, अंकित पल्प्स एंड बोड्र्स प्राइवेट लिमिटेड, राजीव गनात्रा, पीसी मैक्स, विकास बंसल, फर्मियॉन इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड, अविनाश जोशी, केयरएनएक्स इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड, और रोमा बिरमानी, शिवानंद इलेक्ट्रॉनिक्स। इस वर्ष के एमएसएमई ऑनर्स की अंतिम श्रेणी न्यूजेन आइकन है। यह श्रेणी उन उभरते उद्यमियों को सम्मानित करती है जिन्होंने नवीन समाधान पेश किए हैं। इस श्रेणी के विजेताओं में शामिल हैंः सुजाता पवार, अवनी कंज्यूमर केयर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, आशुतोष जैन, गिरनार लाइटिंग कंपनी, संदीप मूर्ति, केएस सॉल्यूशन, गौरांग अनंत अगाशे, अनबॉक्स योर डिजायर, और कांतिलाल मगनलाल शाह, श्री मोमाई ट्रेडिंग। टैली एमएसएमई ऑनर्स छोटे और मझौले उद्योगों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करता है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। यह पहल नवाचार, संकल्प और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ-साथ उद्यमिता की भावना का उत्सव भी है। हर विजेता इस बात का प्रमाण है कि मेहनत, नए विचार और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व मिलकर कितनी बड़ी सफलता दिला सकते हैं। ये सभी उद्यमी मिलकर भारत के बदलते व्यापारिक परिदृश्य और प्रभावशाली उद्यमिता की नई पहचान बनाते हैं।

# FWICE महासचिव अशोक दुबे को 50वें जन्मदिन पर गुलदस्ता भेंट कर दी शुभकामनाएं




**मुंबई।** 4 जुलाई 2025 को FWICE (फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्पलॉइज) के माननीय महासचिव और AIFEC (ऑल इंडिया फिल्म एम्पलॉइज कॉन्फेडरेशन) के अध्यक्ष अशोक दुबे का 50वां जन्मदिन फेडरेशन कार्यालय में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर सिने स्टिल, टेलीविजन और मोशन फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के महासचिव अतुल राजकुले, अध्यक्ष रमाकांत मुंडे, उपाध्यक्ष विनोद देशपांडे और उपसचिव अशोक कनोजिया ने अशोक दुबे को गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में FWICE के माननीय कोषाध्यक्ष गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव (संजू भाई) और वरिष्ठ उपाध्यक्ष फिरोज खान (राजा भाई) की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने मिलकर अशोक दुबे के योगदान की सराहना की और उनके दीघार्यु व स्वस्थ जीवन की कामना की।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### 'भोंगा बजा' तो नपेंगे पुलिस अधिकारी

इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अब तक हमने 3367 धार्मिक स्थलों से भोंगे हटाए हैं। इनमें मुंबई की बात करें तो 1608 भोंगे हटाए गए हैं। मुंबई में 1149 भोंगे मस्जिदों से, 48 मंदिरों से, 10 चर्च, 4 गुरुद्वारे और 147 अन्य भोंगे हटाए गए हैं। इसी तरह राज्य के शेष हिस्सों से 1759 धार्मिक स्थलों से भोंगे हटाए हैं। फिलहाल मुंबई में किसी भी धार्मिक स्थल पर भोंगे नहीं है। इस संबंध में एक रिपोर्ट हाईकोर्ट में दाखिल की गई है।

### यूएई से भारत लाया गया ड्रग माफिया कुब्बावाला मुस्तफा

मादक पदार्थ मेफेड्रोन को म्याऊ म्याऊ के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि कुब्बावाला (44) इस मामले के मुख्य आरोपी सलीम डोला का रिश्तेदार है और मेफेड्रोन निर्माण के साथ-साथ आपूर्ति और डिस्ट्रीब्यूशन चैन में भी शामिल था। कुब्बावाला अपने रिश्ते के भाई ताहिर सलीम डोला के साथ मिलकर विदेश से मेफेड्रोन निर्माण सिंडिकेट चला रहा था।

### शर्मसार! चंद्रपुर में नाबालिग से गैंगरेप

घटना को कैमरे में रिकॉर्ड किया गया और कुछ दिन बाद उसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल कर दिया गया। पीड़िता के मुताबिक, उसने डर और बदनामी के कारण इतने दिनों तक चुप्पी साधे रखी, लेकिन जब वीडियो वायरल होने लगा तो उसने साहस जुटाकर अपने पिता को सारी सच्चाई बताई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ़्तार कर लिया। उन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 70(2), 123, पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 तथा आईटी एक्ट की धारा 66(ई) और 67(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### फीस नहीं चुकाने पर संस्था निदेशक ने की पिटाई

उखल्द ताल निवासी जगन्नाथ पांडुरंग हेंडगे ने कुछ दिन पहले अपनी बेटी पल्लवी का दाखिला इस आवासीय विद्यालय में कराया था। हालांकि, एक सप्ताह के भीतर ही लड़की को यह विद्यालय पसंद नहीं आया, इसलिए गुरुवार शाम को अभिभावक जगन्नाथ हेंडगे और रिश्तेदार हाई-टेक आवासीय विद्यालय में टीसी हटाने आए। उन्होंने संस्थान के प्रबंधन से टीसी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। हालांकि, इस बार स्कूल के निदेशक प्रभाकर चव्हाण और उनकी पत्नी ने कथित तौर पर हेंडगे के साथ दुर्व्यवहार किया और बाकी फीस न चुकाने की वजह पर उससे बहस की।

# सिंगर डॉ. मंगला को मिला 'दादा साहेब फाल्के भारत गौरव सम्मान अवार्ड 2025'

**मुंबई।** सुप्रसिद्ध सिंगर और डॉक्टर मंगला जी को दादा साहेब फाल्के भारत गौरव सम्मान अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का आयोजन प्रोड्यूसर, डायरेक्टर एवं ऑर्गनाइजर राजश्री वर्मा द्वारा किया गया था। इस विशेष अवसर पर बॉलीवुड फिल्म रिपोर्टर गिरजा शंकर अग्रवाल ने आयोजक राजश्री वर्मा को सभी प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं।




राजश्री वर्मा ने बताया कि वह अब तक 111 से अधिक इवेंट्स आयोजित कर चुकी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे कैंसर पीड़ितों, दिव्यांगजनों और नेत्रहीनों की सहायता के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम करती रहती हैं। राजश्री वर्मा ने यह संकल्प भी दोहराया कि वह आगे भी दादा साहेब फाल्के भारत गौरव सम्मान अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित शो को लगातार आयोजित करती रहेंगी।



# WIFTPA की 64वीं वार्षिक सर्वसाधारण सभा सम्पन्न

**मुंबई।** वेस्टर्न इंडिया फिल्म एंड टेलीविजन प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (WIFTPA) की 64वीं वार्षिक सर्वसाधारण सभा की बैठक महेश्वरी भवन, ओशिवारा, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई में सम्पन्न हुई। इस बैठक में एसोसिएशन के प्रमुख निर्माता सदस्य अतुल राजकुले, कुलवंत सिंह, श्यामल मिश्रा, राजश्री वर्मा, जानी महमूद, राजेंद्र बोडारे और कृष्णा शर्मा ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता WIFTPA के माननीय अध्यक्ष संग्राम शिर्के और महासचिव दिलीप दलवी ने की। बैठक के बाद सभी सदस्यों के लिए दोपहर भोज की विशेष व्यवस्था की गई थी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और आगामी योजनाओं व सदस्यों के हितों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### देहरादून में 125 किलो विस्फोटक मिला, 3 काबू

**देहरादून।** देहरादून में 125 किलो विस्फोटक मिलने से हड़कंप मच गया। मामले में हिमाचल के तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं।



त्यूणी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक ऑल्टो कार को चेक किया गया तो वाहन में 5 पेटी डायनामाइट कुल वजन 125 किलो बरामद हुआ। वाहन सवार व्यक्तियों से उक्त विस्फोटक पदार्थ को परिवहन करने के संबंध में आवश्यक दस्तावेज मांगे गए, जो दिखा नहीं पाए। अवैध विस्फोटक पदार्थ की बरामदगी पर थाना त्यूनी ने रिंकू, रोहित, सुनील पर केस दर्ज किया।

### आरोपी पिता को पुलिस रिमांड पर भेजा गया

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर-57 के सुशांतलोक-2 में गुरुवार की सुबह करीब 11.30 बजे महिला टेनिस खिलाड़ी को उसके पिता ने तीन गोली मारकर हत्या कर दी।



टेनिस खिलाड़ी के अकेडमी चलाने पर नाराजगी के चलते पिता ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से उसी पीठ में गोली मार दी। राधिका यादव को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पहली बार बोले एनएसए अजित डोभाल

# हमने पाक में घुसकर नौ ठिकानों को उड़ाया, एक भी नहीं चूका, हमें गर्व है

*ये भी कहा हमें पता था कि कौन कहां है!*

मुंबई हलचल / चेन्नई


आईआईटी मद्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी मीडिया की रिपोर्टिंग पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है। उन्होंने कहा कि भारत का ऑपरेशन बेहद ही सफल रहा। हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था।

इसमें से एक भी नहीं चूका। हमें इस बात पर गर्व है। एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो... उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं। उन्होंने कहा कि विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गईं सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला। मैं सिर्फ वही बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा। हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**खास बातें**

- भारत ने ढाई साल में 5जी प्रौद्योगिकी विकसित की, चीन को 12 साल लगे
- ऑपरेशन सिंदूर हमारी सफलता, भारत को नुकसान के सारे दावे खोखले

*एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो... उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं*



### भारत, एक राष्ट्र के रूप में सहस्राब्दियों से अस्तित्व में

डोभाल ने कहा कि हम एक ऐसे देश और ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार वर्षों से संकटग्रस्त, लहूलुहान और अपमानित रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है... मुझे नहीं पता कि इस सभ्यता को जीवित रखने और राष्ट्र की इस धारणा को जीवित रखने के लिए उन्होंने कितने अपमान, अभाव और कष्ट सहे होंगे। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत, एक राष्ट्र के रूप में सहस्राब्दियों से अस्तित्व में है। 22 साल बाद जब हम अपनी आजादी के 100 साल पूरे कर रहे होंगे, तब आप अपने करियर के शीर्ष पर होंगे।

### स्वदेशी तकनीक विकसित करें

डोभाल ने कहा कि तकनीक और युद्ध के बीच अहम संबंध है और देश को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व है। हमें इस बात पर गर्व है कि हमारी कुछ बेहतरीन प्रणालियों ने काम किया, चाहे वह ब्रह्मोस (मिसाइल) हो, एकीकृत हवाई नियंत्रण और कमान प्रणाली हो या युद्धक्षेत्र निगरानी हो। हमने नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधा, सीमावर्ती क्षेत्रों में नहीं बल्कि पाकिस्तान के आर-पार और हम एक भी नहीं चूके।

### प्रौद्योगिकी की लड़ाई में आगे रहना होगा

डोभाल ने कहा कि देश प्रौद्योगिकी की लड़ाई में हारकर दूसरों से पीछे रहने या दशकों पीछे रह जाने का जोखिम नहीं उठा सकता। उन्होंने ढाई साल में 5जी विकसित करने में आईआईटी मद्रास और निजी क्षेत्र की भूमिका को स्वीकार किया, जबकि चीन को 5जी प्रौद्योगिकी विकसित करने में 12 साल से अधिक का समय लगा और उसने 300 अरब डॉलर खर्च किए। उन्होंने कहा कि डेटा या सुरक्षा से संबंधित एक कील भी विश्वसनीय स्रोत से ही आनी चाहिए। यह या तो भारत में बनी हो या कहीं ऐसी जगह बनी हो जो भारत के बहुत करीब हो।

### पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे

एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि हमें अपनी स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। हमें इस बात पर गर्व है कि ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी सामग्री थी। हमने पाकिस्तान के आर-पार नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधने का फैसला किया, ये सीमावर्ती इलाकों में नहीं थे। हम कोई भी निशाना नहीं चूके। हमने इसके अलावा कहीं और निशाना नहीं साधा। यह उस बिंदु तक सटीक था जहां हमें पता था कि कौन कहां है? पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे। आप मुझे एक भी तस्वीर बताइए जिसमें भारत को होता कोई नुकसान दिखाई दे रहा हो।

## अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ द्वारा तीन सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री को मांग पत्र सौंपा



मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़

**राजस्थान। भीलवाड़ा।** अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के प्रदेश पदाधिकारी टीम द्वारा शिक्षा मंत्री को प्रबोधकों की मांगों का निराकरण के लिए तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा -देश की प्रथम बालिका सैनिक विद्यालय पूज्या रामी देवी रामनारायण राठी बालिका सैनिक विद्यालय जयमलसर बीकानेर के उद्घाटन पर आए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ प्रदेश पदाधिकारी में प्रदेश मुख्य महामंत्री अनूप सिंह इन्दा के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री को प्रबोधकों की मांगों का तीन सूत्री मांग पत्र 1. प्रबोधक वर्ग द्वारा लंबे समय तक शिक्षा सहयोगी, पेरा टीचर, शिक्षा कर्मी के रूप में दूर दराज ढाणी मंजरे में शिक्षा के क्षेत्र में की गई सेवाओं को वर्तमान सेवा में नोशनल रूप में गणना की जाए (अर्थात पुरानी सेवा की गणना की जाए) 2. बजट सत्र में आप श्रीमान के द्वारा प्रबोधक सेवा नियमों के पुनर्गठन की घोषणा की गई संगठन द्वारा आभार प्रकट करते हुए संगठन ने मांग कि प्रबोधक को वरिष्ठ प्रबोधक को उचित पदोन्नति अवसर प्रदान किया जाए वरिष्ठ प्रबोधको उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक या माध्यमिक विद्यालय में विषय अध्यापक ( वरिष्ठ अध्यापक के समकक्ष) के रूप में पद स्थापित किया जाए 3. प्रबोधको व अध्यापकों की वेतन विसंगति का निराकरण किया जाए इन तीन सुत्रीय मांग पत्र अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के प्रदेश मुख्य महामंत्री अनूप सिंह इन्दा , प्रदेश विधि मंत्री अविनाश व्यास, बीकानेर जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह, राकेश यादव, महेश लेघा, काशीराम शर्मा बीकानेर जिले के पदाधिकारी द्वारा मांग पत्र शीघ्र निराकरण करने के लिए शिक्षा मंत्री को दिया गया। उक्त जानकारी गजराज सिंह ने संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

## महाराष्ट्र में विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक को मिली मंजूरी

# चरमपंथी समूहों पर पूरी तरह से लगाएंगे नकेल, अवैध संगठन किए जाएंगे 'बैन'

ये संगठन अन्य राज्यों में पहले से प्रतिबंधित हैं। उन्होंने इसके दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का भी प्रयास किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधान परिषद में समर्थन किया

मुंबई हलचल / मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वामपंथी उग्रवादी संगठनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने संबंधी विधेयक को विधानमंडल के दोनों सदनों की मंजूरी मिलने की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में सक्रिय ऐसे समूहों पर नकेल कसने के लिए यह आवश्यक था।उनके अनुसार ये संगठन अन्य राज्यों में पहले से प्रतिबंधित हैं। उन्होंने इसके दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का भी प्रयास किया। दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधान परिषद में तो इस विधेयक का समर्थन किया, लेकिन सदन से बाहर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह सार्वजनिक सुरक्षा नहीं भाजपा सुरक्षा विधेयक है। फडणवीस ने शुक्रवार को इस कानून के दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का प्रयास करते हुए बताया कि कम से कम छह ऐसे संगठन हैं जो अन्य राज्यों में प्रतिबंधित हैं, लेकिन महाराष्ट्र में अभी भी सक्रिय हैं। उनके अनुसार इन संगठनों से निपटने के लिए 'विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक' में पर्याप्त कानूनी सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

### अभी भी 6 प्रतिबंधित संगठन कर रहे काम

**मुख्यमंत्री फडणवीस ने इसे बताया अति आवश्यक**

अब पर्याप्त कानूनी सुरक्षा होगी



**शहरी नक्सलवाद और परोक्ष उग्रवाद पर लगेगा अंकुश**

गृह विभाग का भी प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री ने विशेष विधेयक की आवश्यकता पर बल दिया, जो शहरी नक्सलवाद और परोक्ष उग्रवाद पर अंकुश लगाने पर केंद्रित है, और उन्होंने उग्रवादी संगठनों से निपटने में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) जैसे कड़े कानूनों की सीमाओं के बारे में भी बताया।

**महाराष्ट्र में 64 माओवादी संगठन कार्यरत**

महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों में इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में 64 माओवादी संगठन कार्यरत हैं, जिनमें से 6 को पहले से ही इसी तरह के कानूनों के तहत अन्य राज्यों में प्रतिबंधित किया गया है। यह विधेयक सरकार को उन संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार देगा जो डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा तैयार संवैधानिक ढांचे को चुनौती दे रहे हैं।

### अब इन पर होगी कानूनी कार्रवाई

फडणवीस ने कहा कि मुझे खुशी है कि किसी ने भी विधेयक का सीधे तौर पर विरोध नहीं किया। कई सुझाव आए और उनमें से कई को शामिल कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को विधानसभा में बोलते हुए कहा था कि यह विधेयक कुछ ऐसे संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है जो खुद को संवैधानिक और लोकतांत्रिक बताने के बावजूद संविधान को अस्वीकार करना चाहते हैं। केंद्र ने नक्सल गतिविधियों से प्रभावित सभी राज्यों से ऐसा कानून पारित करने को कहा है।

## धर्मांतरण रोकने के लिए कड़ा कानून बनेगा, अवैध गिरजाघरों पर चलेगा बुलडोजर

**मंत्री बावनकुले का बड़ा ऐलान**



महाराष्ट्र में भाजपा अब धर्मांतरण के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाएगी। भाजपा महाराष्ट्र के पूर्व अध्यक्ष और राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विधानसभा में बड़ा ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में धर्मांतरण रोकने के लिए राज्य सरकार सख्त कानून बनाएगी। विधायक अनुपभैया अग्रवाल, अतुल भातखलकर सहित अन्य विधायकों ने राज्य में धर्मांतरण रोकने से संबंधित प्रश्न पूछा। उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य में धर्मांतरण रोकने के लिए एक कड़ा कानून बनाया जाएगा।

### अनधिकृत ढांचे गिराए जाएंगे

बावनकुले ने कहा कि कहा कि कड़े प्रावधानों के साथ धर्मांतरण-रोधी कानून कैसे लाया जाए। उन्होंने सदन में कहा कि धुले-नंदुरबार के संभागीय आयुक्त को क्षेत्र में अनधिकृत गिरजाघरों की जांच करने और उन्हें छह महीने में ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। इस पर बीजेपी के विधायक अतुल भातखलकर ने पूछा कि जब पहले से ही पता है कि गैरकानूनी है तो छह महीने का समय क्यों दिया जा रहा है ? तत्काल अनधिकृत धार्मिक ढांचों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। अब राज्य में अवैद गतिविधियां नहीं चल सकेंगी।

### आदिवासी बेल्ट में धर्मांतरण

बावनकुले ने कहा कि कार्रवाई करने से पहले शिकायतों की जांच आवश्यक है। भाजपा के ही विधायक संजय कुटे ने कहा कि धर्मांतरण केवल नंदुरबार में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के आदिवासी इलाकों में हो रहा है। अग्रवाल ने दावा किया कि नवापुर (धुले जिला) में आदिवासियों और गैर-आदिवासियों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए लालच दिया जा रहा है। महाराष्ट्र के पड़ोसी राज्य गुजरात ने दिवंगत सीएम विजय रूपाणी के कार्यकाल में धर्मांतरण रोधी कानून बनाया था।

## सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाने के लिए सेना ने लांच किया 'ऑपरेशन शिवा'

*अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं को सुरक्षा का मजबूत घेरा मिल रहा*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय सेना ने अमरनाथ यात्रा-2025 को एक मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करने के लिए 'ऑपरेशन शिवा' लांच किया है। जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रशासन और केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बाबा बर्फानी की इस पवित्र यात्रा के लिए आने वाले यात्रियों को एक अच्छी और सुरक्षित यात्रा का अनुभव कराना है। सेना ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।



### हेलिकॉप्टर स्टैंड बाय पर

150 से ज्यादा डॉक्टर और चिकित्सा कर्मी एक 100 बेड का अस्पताल, 26 ऑक्सीजन बूथ (2 लाख लीटर ऑक्सीजन) के साथ तैनात हैं। बेहतर संचार के लिए सेना ने सिग्नल्स की कंपनियां लगाई हैं। बम निरोधक दस्ते को भी ऑपरेशन शिवा में शामिल किया गया है। 25 हजार लोगों के लिए आपात राशन की व्यवस्था भी सेना ने की है। क्यूआरटी, टेंट, वाटर पॉइंट, बुलडोजर को अलर्ट पर रखा गया है। साथ ही सेना के हेलिकाप्टर किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए स्टैंड बाय पर रखे गए हैं।

### 8 हजार 500 जवानों की तैनाती

सेना ने बताया कि यात्रा के लिए ऑपरेशन शिवा के तहत उसने यात्रियों के समूचे सुरक्षा सिस्टम को मजबूत बनाते हुए 8 हजार 500 से अधिक जवानों की तैनाती की है। जिन्हें विभिन्न प्रकार के रणनीतिक और तकनीकी संसाधनों से लैस किया गया है। आतंकवाद से मुकाबले के लिए एक मजबूत ग्रिड, कॉरिडोर सुरक्षा और सशक्त सुरक्षा तैनाती इसका अहम हिस्सा है। ड्रोन हमले के खतरे से निपटने के लिए 50 सी-यूएएस और ईडब्ल्यू सिस्टम लगाए गए हैं।

## अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह के पास फंसे हुए थे

# तटरक्षकबल ने अमेरिकी नौका के चालक दल के दो सदस्यों को बचाया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

तटरक्षकबल ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के पास इंदिरा पॉइंट के दक्षिण-पूर्व में करीब 52 समुद्री मील की दूरी पर फंसी हुई अमेरिकी नौका 'सी एंजल' के चालक दल के दो सदस्यों को



सुरक्षित बचाया है। यह नौका अत्यंत खराब मौसम में फटी हुई पाल और उलझे हुए प्रोपेलर के कारण समुद्र में आगे बढ़ने में अक्षम हो गई थी। तटरक्षकबल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### जरूरी प्रोटोकॉल का पालन किया


तटरक्षकबल ने बताया, बचाव अभियान के दौरान जैसे ही हमें संकट चेतावनी मिली। एमआरसीसी पोर्ट ब्लेयर ने सभी निकटवर्ती व्यापारी जहाजों को सतर्क किया और प्रोटोकॉल शुरू किए। इसके अलावा तटरक्षकबल के पोत राजवीर को भी तैनात किया गया। अमेरिकी नौका में फंसे हुए चालक दल के साथ संचार स्थापित किया गया। तेज हवाओं और यांत्रिक अक्षमता के बावजूद चालक दल सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

## 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' यूनेस्को के विश्व धरोहर के लिए नामित

*दुनिया के 31 अन्य स्थलों के साथ पेरिस में चल रही बैठक में होगा मूल्यांकन*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत के 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के लिए नामांकित किया गया है। इस प्रस्ताव का मूल्यांकन 6 से 16 जुलाई के बीच पेरिस में चल रहे यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 47वें सत्र में किया जा रहा है। इस सत्र में दुनिया भर से कुल 32 नए स्थलों के नामांकन पर चर्चा की जा रही है, जिनमें भारत का यह ऐतिहासिक सैन्य तंत्र भी शामिल है। भारत की ओर से यह नामांकन 2024-25 चक्र के लिए प्रस्तुत किया गया है।



### 11 से 13 तक होगी बैठक

विश्व धरोहर समिति की बैठक में 11 से 13 जुलाई के बीच 32 स्थलों की समीक्षा की जा रही है। भारत के इस नामांकन के साथ-साथ कैमरून का डीआईवाई-जीआईडी-बीआईवाई सांस्कृतिक क्षेत्र, मलावी का माउंट मुलंजे सांस्कृतिक परिदृश्य, और यूएई का फाया पैलियोलैंडस्केप जैसे स्थलों पर भी चर्चा की जा रही है।

### एक देश से एक नामांकन नियम

यूनेस्को के 'ऑपरेशनल गाइडलाइंस 2023' के अनुसार, हर देश एक बार में केवल एक ही नामांकन जमा कर सकता है। भारत ने इस चक्र के लिए 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' को चुना है। 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' में 12 किले और किलेबंद क्षेत्र शामिल हैं जो 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच विकसित किए गए थे। यह किले मराठा साम्राज्य की सैन्य शक्ति, रणनीति और निर्माण कला का अद्भुत उदाहरण माने जाते हैं। इन 12 स्थानों में महाराष्ट्र और तमिलनाडु के किले शामिल हैं।

## तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू और एससी विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र ने लगाए आरोप

# वेमुला की आत्महत्या मामले में आरोपी रामचंदर को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष नियुक्त करने पर उठे सवाल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कांग्रेस ने हैदराबाद विश्वविद्यालय के दलित छात्र रोहित वेमुला की आत्महत्या के मामले में आरोपी एन रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की कड़ी आलोचना की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और पार्टी के एससी विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों के उत्पीड़न में शामिल लोगों को संरक्षण देती है। गौतम ने अपराधियों को संरक्षण देने की भाजपा की नीति पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2014 के बाद से भारत में एक नया माहौल बन रहा है, जहां उत्पीड़न करने वालों को भाजपा का समर्थन मिल रहा है। 2016 में हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रवेमुला की आत्महत्या के मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 7महीने तक उसका वजीफा रोका गया, जो पहले से कर्ज का बोझ झेल रहे रोहित के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें और उनके साथियों को बहुत प्रताड़ित किया। एबीवीपी नेता एम सुशील कुमार ने झूठा मुकदमा दर्ज कराया और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री बंडारू दत्तात्रेय, तत्कालीन शिक्षा मंत्री स्मृति ईरानी, भाजपा एमएलसी राव ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बनाकर रोहित व उनके साथियों को दंड दिलवाया।



### आरोपी को पुरस्कृत किया

गौतम ने बताया कि भाजपा सरकार ने रोहित की आत्महत्या के आरोपियों को पुरस्कृत करते हुए दत्तात्रेय को हरियाणा का राज्यपाल, सुशील कुमार को दिल्ली विवि में असिस्टेंट प्रोफेसर और अब राव को तेलंगाना भाजपा का अध्यक्ष बना दिया गया। उन्होंने एम्स और सफदरजंग अस्पताल में दलित और आदिवासी छात्रों के साथ किए गए अन्याय का भी उल्लेख किया, जहां उन्हें अनुचित तरीके से फेल किया गया था। कांग्रेस ने रायपुर अधिवेशन में रोहित वेमुला एक्ट लाने का प्रस्ताव पास किया। यह एक्ट एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक छात्रों के लिए विश्वविद्यालयों में सुरक्षित माहौल, काउंसलिंग और शिकायत निवारण तंत्र सुनिश्चित करेगा।

### चिराग को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को सोशल मीडिया के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिली है। मुख्य प्रवक्ता बिहार प्रदेश राजेश भट्ट ने इसको लेकर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।



सोशल मिडिया के माध्यम से टाइगर मेराज इदिसी के नाम से बने इंस्टाग्रामअकाउंट से एक महिला यूट्यूबर पत्रकार के इंस्टा ग्राम अकाउंट पर चिराग पासवान को बम से उड़ाकर जान से मारने की धमकी दी गई है।

# वांछित फाउंडेशन टीम ने गुरु पूर्णिमा पर बुजुर्गों संग हवन किया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** वांछित फाउंडेशन दिल्ली टीम द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुजुर्गों के साथ (माता राम बेटी वृद्ध आश्रम जी टी करनाल ) हवन, पूजा पाठ किया एवं भल्ले, चाट पकौड़ी व भोजन का आनंद लिया इस मौके पर सिविल लाइन जोन की चेयरपर्सन श्रीमती सुमन शर्मा निगम पार्षदआजाद पुर,श्रीमति अल्का त्यागी महामंत्री जिला महिला मोर्चा, आजादपुर मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत मुखी,श्रीमती सुंदरम झा,सरोज नेगी ,रेखा शर्मा,साक्षी ,लक्ष्मी,साक्षित मे हरोत्रा,रुपेश,आशीष,प्रदीप गोयल,प्रदीप धवन,सचिन आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। गुरू के महत्व पर प्रकाश डालते हुए , चेयरपर्सन श्रीमती सुमन शर्मा ने गुरू के बिना योग्यता का सही दिशा में संपूर्ण प्रदर्शन नहीं किया जा सकता हैं श्रीमति अल्का त्यागी ने कहा कि गुरू ही होता है जो हमारे जीवन के लिए ता जीवन का मार्ग स्थापित करता है ' डॉ. सुनीता मेहरोत्रा, संस्थापिका, वांछित



फाउंडेशन ने सभी को गुरू पूर्णिमा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही गुरू और अध्यापक के अन्तर को बताया कि वर्तमान शिक्षण संस्थानों में अध्यापक कार्य करते है जो निश्चित सिलबस को निर्धारित समय सारणी में पुरा करते है ' गुरु तो एक एक आंतरिक शक्ति को जागृत करके शिष्य को कर्म करने के लिए समाज में प्रेरित करता है। वृद्धजनों के साथ समय बिताना और उनकी जरूरतों को समझना बहुत जरूरी है। गूगल पर हर चीज नहीं मिलती, इसलिए हमें अपने आसपास के लोगों की जरूरतों को समझने और उनकी मदद करने का प्रयास करना चाहिए। वांछित फाउंडेशन की यह पहल समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# मॉडलिंग एंकरिंग में अच्छा काम कर रही हैं : प्रिंयका भारद्वाज

**मुंबई।** प्रियंका भारद्वाज जो की चंडीगढ़ की रहने वाली है। ओर प्रियंका जी मॉडलिंग, एंकरिंग में अच्छा नाम बनाने के बाद बहुत जल्दी फेम और क्वेस्ट के नाम से एक जाने माने डायरेक्टर के साथ प्रोडक्शन हाउस स्टार्ट करने वाली है। और वह जल्दी ही आने वाले सीजंस ब्रांड फैशन शोज मै आ रही



हैं। साथ ही साथ एन.जी.ओ. मैं अभी अपना अच्छा सहयोग देते हुए बढ़ रही है। प्रियंका भारद्वाज का कहना हैं। कि जिंदगी में काम करते हुए खुद को भी टाइम देना चाहिए। जिससे कि एक नई उमंग के साथ वही खुशी मिलती हैं। जब हम किसी भी नए काम की शुरूवात करते हुए अपना कैरियर बनाते हैं।

# संस्कृत विद्यालय के पास खेल मैदान पर नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने पौधारोपण किया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान। भीलवाड़ा / आसीन्द।** नेशनल हाईवे 148 डी राणा पूजा सर्कल के पास स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय आमली खेड़ा की झोपड़ियां वार्ड नंबर 1 आसींद के खेल मैदान पर नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को पौधारोपण किया गया। अध्यक्ष देवीलाल साहू ने कहा कि पेड़ पौधे धरती मां के श्रृंगार है। हमें



अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पार्षद मूलचन्द खटीक, प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार हिन्दोनिया, व्याख्याता बाबूलाल मीणा, स्वयंसेवी अशोक कुमार शर्मा, भावेश कुमार वैष्णव, उमा छीपा, गोपाल लाल भील तहसील अध्यक्ष बदनौर, युवा अध्यक्ष रमेश लाल भील आमली खेड़ा वार्ड नंबर 1 आसींद, मिडिया प्रभारी भैरूलाल भील बठैड़ा, खमाण भील, रतनलाल भील सहित वार्ड वासियों एवं संस्कृत विद्यालय आमली खेड़ा की झोपड़ियां वार्ड नंबर 1 आसींद के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उक्त जानकारी रमेश लाल भील ने सम्पादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।

# जहाँ सावन आता है, वहीं दिल मुस्कुराना सीखता है : आंचल सोनी छाबड़िया



**मेरे** प्यारे साथियों और चाहने वालों सावन एक ऐसा एहसास है, जो ज़िन्दगी को फिर से जीना सिखा देता है। मैं आँचल सोनी छब्बरिया आप सबको दिल से धन्यवाद देती हूँ कि आपने मुझे हर मोड़ पर अपनाया और सराहा। अब इस सावन में मैं आपके लिए दुआ माँगती हूँ।जहाँ आप हों, वहाँ शांति हो।जहाँ आपका दिल हो, वहाँ सुकून हो। और जहाँ आप खड़े हों, वहाँ सफलता आपके कदम चूमे।आओ इस सावन को प्यार और अपनत्व से रंग दें।

# कीलाड़ी: संघ परिवार द्वारा हिंदुस्तानी इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिशों का विरोध करें

**तमिलनाडु** के शिवगंगा ज़िले में स्थित प्राचीन सभ्यता के कीलाड़ी स्थल पर चल रही पुरातात्विक खुदाई को रोकने के लिए केंद्र सरकार के अधीन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के शीर्ष अधिकारी प्रयासरत हैं। डॉ. अमरनाथ रामकृष्ण के नेतृत्व में इस स्थल पर की जा रही वैज्ञानिक पड़ताल की रिपोर्ट को संशोधित करने का दबाव बनाया गया। जब उन्होंने ऐसा करने से इनकार किया, तो उन्हें असम स्थानांतरित कर दिया गया। कीलाड़ी में वैगई नदी के किनारे एक प्राचीन नगरीय सभ्यता की खोज ने संघ परिवार की विचारधारा को झकझोर दिया है, क्योंकि ये वैज्ञानिक प्रमाणों से युक्त खोजें उस झूठे ऐतिहासिक विमर्श को ध्वस्त कर देती हैं जिसे वाजपेयी सरकार के समय से ही केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों पर दबाव बनाकर स्थापित किया जा रहा है। इस विकृत इतिहास में वैदिक और ब्राह्मणवादी परंपराओं को हिंदुस्तानी इतिहास और संस्कृति का केंद्रबिंदु बताया गया, और यह दावा भी किया गया कि आर्य हिंदुस्तान के ही मूल निवासी थे और बाहर से नहीं आए थे, जैसा कि सिंधु घाटी सभ्यता के पतन के बाद हुआ था।

इस पूरे प्रयास के पीछे राजनीतिक उद्देश्य यह था कि हिंदी, हिंदू, हिंदुस्तान के नारे को एक ऐतिहासिक आधार दिया जा सके। इस दिशा में उन्होंने रोमिला थापर जैसे धर्मनिरपेक्ष इतिहासकारों को निशाना बनाया, जो इस झूठे विमर्श का विरोध करते थे, और इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस जैसी संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश की। उन्होंने इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च को भी अपने अनुसार चलाने पर मजबूर किया। इतिहास के क्षेत्र में यह लड़ाई वर्षों से चल रही है। इस विकृत इतिहास की सबसे दुखद कड़ियों में से एक थी बाबरी मस्जिद का विध्वंस, जिसे इस दावे के आधार पर गिरा दिया गया कि वह उसी स्थान पर बनी थी जहां भगवान राम का जन्म हुआ था–एक ऐसा दावा जो इतिहास या पुरातत्व में प्रमाणित नहीं है। इसके बावजूद, सुप्रीम कोर्ट ने इस स्थल पर हिंदू पक्ष के दावे को सबूतों के आधार पर नहीं, बल्कि आस्था के आधार पर मान्यता दे दी। अब कीलाड़ी में चल रही जांचें उनके इस वैदिक-केन्द्रित इतिहास के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं, जिसमें पूरे हिंदुस्तान की सांस्कृतिक परंपराओं को गंगा-यमुना क्षेत्र की हिंदू वैदिक संस्कृति के अधीन दिखाया गया था। कीलाड़ी में शोधकताओं को ऐसी नगरीय सभ्यता के प्रमाण मिले हैं, जो सिंधु घाटी सभ्यता के समय की है। यहाँ से प्राप्त तमिल ब्राह्मी लेख, मिट्टी के बर्तन, कुएँ, जल निकासी प्रणाली और अन्य पुरावशेष इस बात की पुष्टि करते हैं कि दक्षिण हिंदुस्तान में वैदिक युग से भी पहले एक उन्नत सभ्यता मौजूद थी, जो संभवतः सिंधु घाटी से गहराई से जुड़ी थी। कीलाड़ी की यह प्राचीनता और उसका सिंधु सभ्यता से जुड़ाव, हिंदुस्तानी इतिहास में आर्यों की श्रेष्ठता के हिंदुत्ववादी दावे पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। अब वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ दक्षिण हिंदुस्तान की द्रविड़ संस्कृति की प्राचीनता प्रमाणित हो रही है। यह संघ परिवार के लिए उनकी विचारधारा की नींव को हिला देने वाली सच्चाई है। इसी कारण वे इन खोजों की आधिकारिक रिपोर्टों को रोकने और इनमें लगे विद्वानों को प्रताड़ित करने के प्रयास कर रहे हैं। यह सच है कि ऐसे प्रयास सत्य को अंततः सामने आने से नहीं रोक सकते, लेकिन यह जरूर उजागर करते हैं कि संघ परिवार की विचारधारा कितनी खोखली है और उसका इतिहास कितना झूठा है। ऐसे समय में यह बेहद आवश्यक है कि कीलाड़ी में चल रही वैज्ञानिक पड़ताल की रक्षा की जाए और इन स्थलों को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जाए, ताकि वे हिंदुस्तान का वास्तविक इतिहास जान सकें–ना कि वह झूठा इतिहास जिसे संघ परिवार फैलाने की कोशिश कर रहा है।

**यास्मीन फारूकी**
**राष्ट्रीय महासचिव**
**सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रोजाना सिर्फ 5 मिनट करें पावर योग, चेहरे पर आएगा निखार



योग हमारी हेल्थ के लिए कितना अच्छा होता है, ये बात हमें शायद आपको बताने की जरूरत नहीं है क्योंकि आज लगभग हर महिला जानती हैं कि योग उनके तन-मन के लिए कितना फायदेमंद होता है। साथ ही ये बालों के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है लेकिन आज हम आपको पावर योग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सिर्फ 5 मिनट करके ना केवल आप लंबे समय तक हेल्दी रह सकती हैं बल्कि आपके चेहरे पर स्पेशल निखार भी आने लगेगा। इसे करने से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज एक साथ हो जाती है। सिर्फ 5 मिनट पावर योग से आप खुद को फिट रख सकती हैं। पावर योग एरोबिक्स की तरह है क्योंकि इसमें मूवमेंट अन्य योग क्रियाओं से तेज होती हैं। अगर आप हर रोज सिर्फ 5 मिनट भी पावर योगा कर लेंगी तो आपको अपनी बॉडी में बहुत जल्दी ही बदलाव महसूस होने लगेगा। आज हम आपको सूर्य नमस्कार के अलावा ऐसे 3 पावर योग के बारे में बताएंगे जिन्हें करने से ना केवल आपकी हेल्थ अच्छी रहेगी बल्कि चेहरे पर स्पेशल ग्लो भी देखने को मिलेगा।

**सूर्य नमस्कार**

हेल्थ के प्रति जागरूक महिलाओं के लिए सूर्य नमस्कार एक वरदान है। इससे न केवल एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न होती है बल्कि पेट की मसल्स भी सही शेप में आ जाती है। इसके अलावा सूर्य नमस्कार रेगुलर करने से महिलाओं के पीरियड्स से जुड़ी सभी प्रॉब्लम दूर होती है, शरीर में लचीलापन आता है, पेट ठीक रहता है, चेहरे पर गजब का निखार आता है और यह झुर्रियां आने से रोकता है जिससे आप लंबे समय तक जवां और खूबसूरत दिखती है। सूर्य नमस्कार को सुबह के समय सूरज की ओर चेहरा करके ही करना चाहिये क्योंकि सूरज हमें एनर्जी प्रदान करता है।

**धनुरासन**

धनुरासन को भी पावर योग ही माना जाता है। इसे करने से बॉडी अच्छे से डिटॉक्स हो जाती है, जिससे मुंहासों का आना कम हो जाता है और स्किन पर गजब का निखार आने लगता है। इस आसन को करने से पेट का फैट कम होता है और स्किन पर ग्लो आता है। इस पावर योग को करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेट जाए। दोनों पैरों को मिलाकर घुटनों से मोड़ें। फिर दोनों हाथों को पीछे ले जाकर दोनों पैरों को टखनों से पकड़ें और सांस बाहर छोड़ते हुए पैरों को खींचें। साथ-साथ सिर को पीछे की ओर ले जाने की कोशिश करें। शरीर का सारा वजन आपकी नाभि पर होना चाहिए। सांस खींचते हुये पकड़ ढीली करें। यह क्रिया, कई बार करें।

**अधोमुखश्वानासन**

इस योगाभ्यास को करने से चेहरे का ब्लड फ्लो बेहतर होने से स्किन पर ग्लो आता है। साथ ही मसल्स एक्टिव होते हैं। शायद आपको पता नहीं इस योग के रोजाना अभ्यास से पैर और गर्दन का स्ट्रेस भी कम होता है और पैरों को आराम मिलता है। इसे करने के लिए आप दोनों हाथों और घुटनों पर खड़े हो जाए। फिर सांस छोड़ते हुए हिप्स को ऊपर की ओर उठाए और कोहनी और घुटनों को सीधा रखें। जितना संभव हो उतना हाथों और पैरों को सीधा रखें। अपनी हथलियों को जमीन पर सीधा रखे और कंधों से दूर रखे, पैरों को हथलियों के समांतर रखे।

**हस्तपदासन**

यह आसन भी सूर्य नमस्कार में शामिल हैं। जी हां हस्तपदासन सूर्य नमस्कार के तीसरे नंबर का आसन है। ये आसन शुरू करने से पहले सीधे खड़े हो जाए उसके बाद ये आसन करें। हाथों को सिर के पास ले जाएं तथा उसके बाद आराम-आराम से नीचे की ओर झुकना है। पूरे शरीर का वजन दोनों पैरों पर होना चाहिए। सांस छोड़ते रहे और घुटनों के पास सिर लगाए। दोनों हाथ फर्श पर स्पर्श होने चाहिए। इस आसन को करने से आपके फेस का ब्लड फ्लो बढ़ता है जिसके कारण आपके चेहरे पर अलग तरह का ग्लो आ जाता है। इस आसन को करने से पीठ और हैमस्ट्रिंग में इंटेस स्ट्रेच होता है। इसको करते समय पैर सीधा और सांस लेने का तरीका सही होना चाहिए।



# स्किन और बालों के लिए वरदान है नीम, जानिए इसके अनगिनत फायदे

गर्मी के मौसम ने हलकी-फुलकी दस्तक दे दी है। बस कुछ ही दिनों में मौसम में काफी बदलाव दिखाई देगा। गर्मी का मौसम अपने साथ बहुत सारी हैल्थ और ब्यूटी प्रॉब्लम्स भी लेकर आता है क्योंकि इस मौसम में पसीना काफी निकलता है जिससे ब्यूटी और हैल्थ इंफैक्शन ज्यादा जल्दी होता है। ऐसे मौसम में ऐसी चीजों का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है जो इन वायरस इंफेक्शन्स से आपको बचाए गए। जिसमें से एक है नीम। स्वाद में भले ही यह कड़वी होती है लेकिन इसके एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल गुण आपको एंटीपाइरेटिक, एंटीऑक्सीडेंट और एंटीप्रोटोजोअल गुण प्रदान करते है। आयुर्वेद में नीम, सदियों से उपयोगी औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। खून साफ करने से लेकर यह बालों के लिए बेस्ट माना जाता है। इसके पत्तों का रस पीने से कीटाणु नष्ट हो सकते हैं। चलिए आज हम आपको नीम के अलग-अलग फायदों के बारे में बताते हैं।

**स्किन के लिए: मुंहासे, दाग-धब्बे, रिंकल्स और चमक**

बहुत से लोग रिंकल्स, पिंपल्स और उसे दाग-धब्बों से परेशान रहते हैं। उन लोगों के लिए नीम वरदान है। इसकी पत्तियों को पीसकर पेस्ट तैयार करें और चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे पर एकस्ट्रा तेल नहीं निकलेगा जिससे मुंहासे नहीं होंगे साथ ही इसके एंटी-एजिंग गुण रिंकल्स को दूर रखते और चेहरे को साफ-सुथरा ग्लोइंग बनाते हैं। आप नहाने में नीम साबुन का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**बालों के लिए: डैंड्रफ, मजबूती और चमक**

नीम का रस बालों में लगाने से आपके बालों को मजबूती और चमक मिलती है। नीम के तेल की मालिश करने से हेयर ग्रोथ तेजी से होती हैं साथ ही बालों को मजबूती मिलती है। आप नीम के पाउडर को पानी में मिलाकर बालों में लगाएं फिर थोड़ी देर ऐसे ही छोड़ दें और फिर पानी से धो लें। ऐसा करने से बालों से डैंड्रफ भी खत्म हो जाएगी। यह एक अच्छा हेयर कंडीशनर भी है।

**पेट के लिए: कीड़े, दस्त** - पेट की समस्याओं में भी आप नीम कमाल के फायदे पहुंचा सकती हैं। नीम रस को शहद में मिलाकर पीने से आपके पेट के सारे कीड़ें मर जाएंगे। इसकी पत्तियों को सुखा लें और शक्कर के साथ मिलाकर खाने से आपको दस्त से आराम मिलेगा।

**जली स्किन के लिए: घाव व निशान** - कई बार खाना बनाते समय या किसी अन्य कारण शरीर का कोई अंग जल जाए तो तुरंत उस जगह पर नीम की पत्तियों को पीसकर लगा लें। जल्द आराम मिलेगा। निशान भी चले जाएंगे।

**कान दर्द से राहत** - कान दर्द की शिकायत हैं तो नीम का तेल इस्तेमाल करना काफी फायदेमंद रहेगा। कई लोगों में कान बहने की भी बीमारी से भी परेशान रहते हैं ऐसे लोगों के लिए भी नीम का तेल एक कारगर उपाय है।

**दांतों के लिए** - पहले लोग नीम की दातुन ही करते थे लेकिन अब जल्दी और आसानी के लिए लोग टूथपेस्ट और ब्रश इस्तेमाल करते हैं लेकिन नीम दातुन करने के अपने ही लाजवाब फायदे हैं। नीम की दातुन पायरिया प्रॉब्लम दूर करने में सबसे बेस्ट उपाय है।

**फोड़े-फुंसियां करें ठीक** - खून साफ न होने की वजह से फोड़े-फुंसियां की समस्या रहती हैं। वहीं जो लोग ज्यादा मीठा खाते हैं उन्हें भी स्किन की यह प्रॉब्लम रहती हैं। उन्हें नीम पत्तियां पीस कर प्रभावित जगह पर लगानी चाहिए। इसके पानी से नहाने से भी ऐसी प्रॉब्लम दूर रहती हैं पानी में नीम की पत्तियां डालें और इसे उबाल लें इस पानी को बाकी पानी में मिलाकर नहाने में यूज करें।

**नीम फामूर्ला से दूर करें स्टोन प्रॉब्लम** - स्टोन यानि पथरी की शिकायत है तो लगभग 150 ग्राम नीम की पत्तियों को 1 लीटर पानी में उबाल लें, फिर इस पानी को थोड़ा ठंडा होने के बाद पी लें। रोजाना ऐसा करने से आपके किडनी स्टोन निकल जाएगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# मैं जिंदा हूं और जिंदा रहूंगा...

**बॉलीवुड** के जाने–माने फिल्ममेकर करण जौहर इन दिनों अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर उनकी एक हालिया तस्वीर वायरल हो गई है, जिसमें उनका ट्रांसफॉर्मेशन देख लोग चौंक गए। दरअसल, बीते दिन करण जौहर स्टैंड–अप कॉमेडियन समय रैना के साथ एक तस्वीर में नजर आए और इसमें वह बेहद पतले और कमजोर से दिख रहे थे। इसके बाद से सोशल मीडिया पर यूजर्स ने उनकी सेहत को लेकर कई तरह के सवाल उठाने शुरू कर दिए। सिर्फ इतना ही नहीं, कुछ लोगों ने उन्हें बीमार तक बता दिया, तो किसी ने उनके बदले हुए लुक को वजन घटाने वाली दवा ओजेम्पिक से जोड़ा। लेकिन अब खुद करण जौहर ने इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़ी है और ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। इन सबके बीच हाल ही में उनकी फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर भी लॉन्च हुआ है और इस ट्रेलर लॉन्च के इवेंट में करण जौहर ने अपनी वायरल तस्वीर और लोगों की प्रतिक्रियाओं पर बात की। उन्होंने कहा, मैं कल इंटरनेट पर अपनी तस्वीर को लेकर पढ़ रहा था। ऐसा लग रहा था जैसे लोगों ने मुझे मार ही डाला हो। कोई कह रहा था कि मुझे क्या बीमारी हो गई है, तो कोई मेरे शरीर को देखकर हैरान था। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मेरी सेहत बिल्कुल ठीक है। मैं खुश हूं और पहले से कहीं ज्यादा फिट महसूस कर रहा हूं।

# तब्बू निभाएंगी खलनायिका का किरदार!

**बेहतरीन** अदाकारी और हर किरदार में जान फूंक देने वाली तब्बू एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार खबर है कि वो एक बार फिर निगेटिव किरदार निभाने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तब्बू जल्द ही मशहूर डायरेक्टर पुरी जगन्नाथ की अपकमिंग फिल्म में साउथ सुपरस्टार विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसमें तब्बू विलेन की भूमिका निभा सकती हैं। हालांकि मेकर्स ने इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि तब्बू का किरदार इस फिल्म में मुख्य खलनायिका का किरदार निभाएंगी। विजय सेतुपति जहां हीरो की भूमिका में दिखेंगे, वहीं तब्बू उनके सामने खड़ी एक चुनौतीपूर्ण निगेटिव भूमिका में होंगी। तब्बू इससे पहले भी कई फिल्मों में ग्रे और नेगेटिव रोल निभा चुकी हैं और हर बार उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों को चौंकाया है। चाहे वह विशाल भारद्वाज की हैदर हो, मकबूल, ह्यफितूर या अंधाधुन, तब्बू का किरदार हमेशा चर्चा में रहा है। उनकी निगाहें, उनका बॉडी लैंग्वेज और स्क्रीन प्रजेंस उन्हें एक खतरनाक और आकर्षक विलेन के रूप में स्थापित करता है। पुरी जगन्नाथ की यह फिल्म अभी अनटाइटल्ड है, लेकिन फिल्म को लेकर चचाएं जोरों पर हैं क्योंकि यह एक पैन इंडिया स्केल पर बनाई जा रही है और इसमें साउथ और बॉलीवुड के दो दमदार कलाकार विजय सेतुपति और तब्बू साथ दिखने वाले हैं। तब्बू का वर्कफ्रंट भी काफी व्यस्त है। वह जल्द ही प्रियदर्शन की हॉरर–कॉमेडी फिल्म भूत बंगला में नजर आएंगी।



